

# आईपीएल में तकनीकी क्रांति : डब्ल्यूटी विजन ने पेश किया 'रोबोट डॉग कैमरा

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ मिलकर डब्ल्यूटीविजन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दौरान सीधा प्रसारण (लाइव ब्रॉडकास्ट) की दुनिया में एक अनोखा प्रयोग किया है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मुकाबले में पहली बार एक रोबोटिक डॉग कैमरा प्रणाली का उपयोग किया गया, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया।

यह अनोखी तकनीक डब्ल्यूटीविज़न और ओम्नीकैम की साझेदारी में विकसित की गई है, जिसका उद्देश्य सीधा खेल प्रसारण को और भी भावनात्मक, संवादात्मक और दर्शकों से जुड़ाव भरा बनाना है। इस कुत्ते के आकार वाले रोबोट कैमरे ने मैदान पर खिलाड़ियों, अंपायरों और दर्शकों के साथ वास्तविक समय में प्रतिक्रिया देते हुए हाथ मिलाना, कूदना और दिल के संकेत जैसे भावनात्मक क्षणों को कैमरे में कैद किया।

बीसीसीआई की विपणन और प्रसारण टीम ने इसे एक मनोरंजक और भावनात्मक जुड़ाव का जरिया बताया। इस कैमरा प्रणाली ने दर्शकों के लिए मैच के दौरान आरामदायक, मजेदार और सोशल मीडिया पर साझा करने योग्य पल बनाए, जिससे स्टेडियम के भीतर और टीवी स्क्रीन पर दोनों जगह एक नया अनुभव मिला।

डब्ल्यूटीविजन और ओम्नीकैम की तकनीकी टीम ने इसके लिए एक विशेष अनुकूलित संतुलन प्रणाली तैयार की, जो मैदान की ऊबड़-खाबड़ सतह पर भी कैमरे को स्थिर बनाए रखती है। इसमें रिमोट पैन-टिल्ट प्रणाली, वीडियो आरएफ प्रणाली और एक विशेष त्रि-आयामी मुद्रित मजबूत ढांचा शामिल है,जिससे कैमरा सहज और स्पष्ट दृश्य देने में सक्षम है।

इस 'रोबोट डॉग कैमरा' विशेषता को सोशल मीडिया पर शानदार प्रतिक्रिया मिली है। आईपीएल के इस नवाचार वीडियो को अब तक 58 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है, 5.6 लाख से अधिक पसंद और 72 हजार से अधिक बार साझा किया जा चुका है। प्रशंसकों ने इसे प्यारा, दिल छू लेने वाला, और मैच की सबसे सुंदर आश्चर्यचकित करने वाली बात कहा। बीसीसीआई ने अब प्रशंसकों से इस रोबोट डॉग कैमरा का नाम सुझाने की भी अपील की है, जिससे भागीदारी और बढ़ गई है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### त्रिकोणीय वनडे सीरीज के लिए श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम घोषित, तीन नए चेहरों को मौका



**कोलंबो।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 27 अप्रैल से शुरू हो रही महिला वनडे त्रिकोणीय सीरीज के लिए श्रीलंका ने अपनी 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम की कमान अनुभवी बल्लेबाज चमारी अटापट्टू को सौंपी गई है। श्रीलंका सीरीज की शुरुआत 27 अप्रैल को भारत के खिलाफ कोलंबो में करेगी। टीम में तीन नई खिलाड़ी — माल्की मडारा, देवमी विहांगा और पिउमी बडालगे को शामिल किया गया है, जिन्होंने अभी तक श्रीलंका के लिए वनडे नहीं खेला है। इन तीनों के अलावा टीम में कुल छह बदलाव किए गए हैं जो इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड दौरे पर गई टीम का हिस्सा नहीं थे। टीम में अनुभवी स्पिनर इनोका राणावीरा, हसीनी परेरा और हंसिमा करुणारत्ने की भी वापसी हुई है। वहीं, इमेशा दुलानी, सचिनी निसांसला, कौशिनी नुथ्यांगना, चेथना विमुक्ति और घायल उदेशिका प्रभोदनी को टीम से बाहर कर दिया गया है। 24 वर्षीय स्पिनर माल्की मडारा ने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में अपने पहले ही मैच में तीन विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। 19 वर्षीय देवमी विहांगा, जो एक स्पिन ऑलराउंडर हैं, को भी पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है। वहीं, 29 वर्षीय पिउमी बडालगे, जो पनादुरा क्रिकेट क्लब की कप्तान हैं, को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। 18 वर्षीय बल्लेबाजी ऑलराउंडर रश्मिका सेव्वंदी, जो हाल ही में अंडर-19 विश्व कप में श्रीलंका की ओर से खेलीं थीं, टीम में शामिल की गई हैं और वह तेज़ गेंदबाजी विभाग में आचिनी कुलसूरिया के साथ होंगी। टीम का बल्लेबाज़ी विभाग अपेक्षाकृत स्थिर है जिसमें कप्तान अटापट्टू के साथ हरशिता समरविक्रमा, विश्मी गुणरत्ने, कविशा दिलहारी, अनुष्का संजीवनी और निलाक्षिका सिल्वा शामिल हैं। श्रीलंका टीम इस प्रकार है: चमारी अटापट्टू (कप्तान), हरशिता समरविक्रमा, विश्मी गुणरत्ने, निलाक्षिका सिल्वा, कविशा दिलहारी, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), मनुड़ी ननायक्कारा, हसीनी परेरा, आचिनी कुलसूरिया, पिउमी बडालगे, देवमी विहांगा, हंसिमा करुणारत्ने, माल्की मडारा, इनोशी प्रियदर्शिनी, सुगंधिका कुमारी, रश्मिका सेव्वंदी, इनोका राणावीरा।

### ला लीगा 2024-25: ओल्मो के गोल से बार्सिलोना ने मल्लोर्का को हराया



**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने ला लीगा खिताब की ओर एक और मजबूत कदम बढ़ाते हुए मंगलवार देर रात मल्लोर्का को 1-0 से हराया। इस जीत के साथ ही शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना ने दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड पर अपनी बढ़त सात अंकों की कर ली है। ओल्मो ने दिलाई अहम जीत, रियल पर दबाव स्पेन के इंटरनेशनल डानी ओल्मो के गोल ने बार्सिलोना को जीत दिलाई और मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड पर दबाव बढ़ा दिया। रियल का अगला मुकाबला बुधवार को गेटाफे के खिलाफ है। हांसी फ्लिक की टीम अब संभावित 'क्वाड्रपल' (चार खिताब) की ओर देख रही है। कई स्टार प्लेयर्स को मिला आराम, फाती को मिला पहला स्टार्ट शनिवार को होने वाले कोपा डेल रे फाइनल से पहले कोच फ्लिक ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया। अक्टूबर के बाद पहली बार अंसु फाती को शुरुआत करने का मौका मिला। वहीं हेक्टर फोर्ट को डिफेंस के बाएं ओर और फेरान टोरेस को चोटिल लेवांडोव्स्की की जगह आक्रमण में उतारा गया। पहले हाफ में कई मौके, लेकिन गोल नहीं बार्सिलोना ने पहले हाफ में एक के बाद एक मौके बनाए, लेकिन गोल नहीं हो सका। गावी का शॉट पोस्ट से टकराया, वहीं टोरेस और फाती ने आसान मौके गंवाए। युवा खिलाड़ी लामिन यामाल और फोर्ट के प्रयासों को भी मल्लोर्का के गोलकीपर लियो रोमान ने शानदार तरीके से रोका।

### आईपीएल 2025: दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 8 विकेट से हराया

**लखनऊ।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 40वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल और अभिषेक पोरेल के अर्धशतकों की मदद से लखनऊ सुपरजायंट्स को 8 विकेट से हरा दिया है। लखनऊ ने एडेन मार्करम के अर्धशतक के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बनाए, जवाब में दिल्ली ने 17.5 ओवर में दो विकेट पर 161 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिल्ली के लिए राहुल ने 42 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 57 रन बनाए, जबकि पोरेल ने 36 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 51 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान अक्षर पटेल ने 20 गेंदों पर 34 रन की दमदार पारी खेली। जबकि कुरुण नायर सिर्फ 15 रन का योगदान दे सके। लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए दोनों सफलताएं एडन मार्करम को मिले। इससे पहले, लखनऊ ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। लखनऊ के लिए एडन मारक्रम ने 52 रन और मिचेश मार्श ने 45 रन की पारी खेली। इनके अलावा, आयुष बडोनी ने 36 और डेविड मिलर ने 14 रन बनाए। शेष कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका।

# अस्मिता लीग से उभरीं भारत की हॉकी स्टार्स, मिजोरम की पांच बेटियों का राष्ट्रीय सेलेक्शन केंद्रों में चयन




नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी के भविष्य की पहचान अब मिजोरम से भी होने लगी है। अस्मिता सब-जूनियर हॉकी लीग के समापन के बाद स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) ने 16 साल से कम उम्र की 15 प्रतिभाशाली लड़कियों को विभिन्न नेशनल सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस में प्रशिक्षण के लिए चुना है। इनमें से सबसे ज्यादा पांच खिलाड़ी मिजोरम से हैं।

चयनित खिलाड़ियों में हरियाणा से तीन, झारखंड और ओडिशा से दो-दो, जबकि आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश से एक-एक खिलाड़ी हैं। यह चयन 2024-25 के अस्मिता लीग के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। साई के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर पियूष दुबे ने बताया कि ये खिलाड़ी 2026 और 2032 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए चुनी गई हैं। उन्होंने कहा, अस्मिता लीग ने बीते तीन-चार वर्षों में महिला हॉकी को एक नई दिशा दी है। सुनेलीता टोप्पो, सुजाता कुजूर और साक्षी राणा जैसी कई खिलाड़ी इसी लीग से निकलकर अब भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

**साई शक्ति की हैट्रिक जीत, मिजोरम को गर्व** - अस्मिता लीग के अंतिम चरण में 6 टीमों के 120 खिलाड़ी शामिल हुए और कुल 17 मुकाबले खेले गए। 15.5 लाख रुपये इनामी इस प्रतियोगिता का खिताब साई शक्ति ने लगातार तीसरी बार जीतते हुए मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी को 2-1 से हराया। ओडिशा की नवल टाटा हाई परफॉर्मेंस सेंटर तीसरे और प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी चौथे स्थान पर रही।

**मिजोरम में हॉकी की नई लहर** - मिजोरम अब तक फुटबॉल और बॉक्सिंग के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन पहली बार सीनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुका है। कोच लालरोथुआमी खुद जूनियर भारतीय खिलाड़ी रह चुकी हैं, अब थेनज़ॉल स्थित साई सेंटर में कोचिंग दे रही हैं। उन्होंने बताया कि मिजोरम में अब करीब 40 लड़कियां नियमित रूप से हॉकी की ट्रेनिंग ले रही हैं।

**ललरेम्सियामी बनी प्रेरणा, सोशल मीडिया का हो रहा उपयोग** - टोक्यो ओलंपियन और भारतीय टीम की खिलाड़ी ललरेम्सियामी की तस्वीरें और प्रोफाइल का उपयोग कर गांवों में ट्रायल के लिए लड़कियों को आकर्षित किया जा रहा है। इनमें दो खिलाड़ी ललथांतलुआंगी और लालरिनपुई अस्मिता लीग से निकलकर अब जूनियर इंडिया टीम में हैं।

**नेशनल सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस में चयन, लेकिन बनी रहेगी चुनौती** - नेशनल सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस में चयनित होना स्थायी नहीं होता। हर साल दो मूल्यांकन होते हैं जिनमें खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता, स्पोर्ट्स साइंस टेस्ट और स्किल्स के आधार पर परख की जाती है। जो तय मानकों पर खरे नहीं उतरते, उन्हें बाहर कर दिया जाता है, जिससे गुणवत्ता बनी रहती है। कोच लालरोथुआमी ने कहा, मिजोरम की लड़कियां ताकतवर और सहनशक्ति में बेहतरीन हैं, उन्हें अब बेहतर सुविधाओं का पूरा लाभ उठाना चाहिए।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर कीथ स्टैकपोल का 84 वर्ष की उम्र में निधन



मेलबर्न

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट ओपनर कीथ स्टैकपोल का मंगलवार को 84 वर्ष की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो गया है। उन्होंने अपने करियर में 43 टेस्ट मैच खेले और 7 शतक लगाए थे। स्टैकपोल ने ना सिर्फ बल्ले से बल्कि गेंद से भी टीम के लिए योगदान दिया और बाद में एक लोकप्रिय टीवी व रेडियो कमेंटेटर भी बने।

### मिडिल ऑर्डर से ओपनर बनने तक का सफर

स्टैकपोल ने 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज और लेग स्पिन गेंदबाज के रूप में टेस्ट डेब्यू किया था। लेकिन 1969 की शुरुआत में उन्हें ओपनिंग की जिम्मेदारी दी गई, जहां उन्होंने बिल लॉरी के साथ मजबूत जोड़ी बनाई।

### इंग्लैंड के खिलाफ खास प्रदर्शन

कीथ स्टैकपोल ने अपना पहला टेस्ट शतक साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में लगाया था, जबकि उनका सर्वोच्च स्कोर 207 रन इंग्लैंड के खिलाफ 1970 में गाबा (ब्रिस्बेन) में आया। इंग्लैंड के खिलाफ उनका प्रदर्शन बेहद शानदार रहा—उन्होंने 55.21 की औसत से रन बनाए और तीन शतक जमाए। 1972 की एशेज सीरीज में वे इयान चैपल के उपकप्तान थे और सबसे ज्यादा 485 रन बनाए थे। इसके चलते उन्हें 1973 में विज्डन क्रिकेटर ऑफ द ईयर भी चुना गया।

### अनोखे अंदाज में टेस्ट करियर का अंत

1974 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में उन्होंने अपने करियर का आखिरी टेस्ट खेला, जिसमें वे दोनों पारियों में खाता भी नहीं खोल पाए। पहली ही गेंद पर फुल टॉस पर आउट होकर उन्होंने लिखा था— मैंने गेंद को सिर के पास एक गज की दूरी पर देखा और पीछे हट गया, लेकिन बैट के किनारे से लगकर गेंद स्लिप में चली गई। शायद टेस्ट क्रिकेट का पहला मौका था जब कोई बिना गेंद ज़मीन पर गिरे आउट हो गया।

### रमीज अवार्ड समारोह में पीएसएल की जगह आईपीएल बोलने के कारण हुए ट्रॉल




पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में एक मैच के दौरान अवार्ड समारोह में पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने रमीज राजा ने पीएसएल की जगह आईपीएल बोल दिया। जिसके बाद उन्हें जमकर ट्रॉल किया जा रहा है। रमीज के पीएसएल को आईपीएल कहने वाली वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर आई तो प्रशंसकों ने उनका मजाक उड़ाना शुरु कर दिया और कहा कि इससे पता चलता है कि आईपीएल की लोकप्रियता कितनी है। ये मामला मुल्तान सुल्तांस की लाहौर कलंदर्स पर जीत के बाद का है। इसी मैच के बाद रमीज की जबान फिसल गई। हुआ यूं कि जोशुआ लिटिल को इनाम देने की घोषणा करते समय रमीज ने गलती से पीएसएल की जगह पर एचबीएल आईपीएल कह दिया पर इस घटना के सोशल मीडिया पर वायरल होने में अधिक समय नहीं लगा। कुछ लोगों ने इसे गलती करार दिया है जबकि कुछ ने सीधे उनको बर्खास्त करने को कहा है। वहीं कुछ का कहना है कि ये आईपीएल की ताकत है जो दिख रही है।

# मेगा नीलामी के बाद टीमें और खिलाड़ी नए होने से घरेलू मैदान का फायदा नहीं : द्रविड़

बेंगलुरु

**राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बुधवार को कहा कि खिलाड़ियों के नयी टीमों से जुड़ने और मैदान के हालात की अधिक जानकारी नहीं होने से टीमें आईपीएल के इस सत्र में घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा नहीं मिलने की बात कर रहीं हैं।**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, चेन्नई सुपर किंग्स, लखनऊ सुपर जाइंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी कई टीमों ने अपने घरेलू मैदान पर पिचों को लेकर असंतोष जताया है।

द्रविड़ ने आरसीबी के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'यह मैदान पर निर्भर करता है। मैं नहीं जानता कि टीमें अपने क्यूरेटर से क्या चाहती हैं। मेगा नीलामी के बाद टीमें नयीं भी हैं।% उन्होंने रॉयल्स के नीतिश राणा और आरसीबी के फिल साल्ट का उदाहरण दिया जो पिछले साल की नीलामी के बाद उन टीमों से जुड़े। उन्होंने कहा, 'नीलामी के बाद पहले साल कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो उन मैदानों पर पहली बार खेल रहे हैं। मसलन फिल साल्ट केकेआर के साथ था और यहां पहली बार आरसीबी के लिये खेला है।% उन्होंने कहा, 'हमारी टीम में नीतिश राणा नया है जो इसी साल से हमसे जुड़ा है। उसके लिये जयपुर नया मैदान है।

द्रविड़ ने कहा कि सत्र आगे बढने के साथ खिलाड़ी खुद को मैदानों के अनुरूप ढाल लेंगे। उन्होंने कहा, 'जब बड़ी नीलामी होती है तो टीम बदलती है और घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा उतना अहम नहीं होता। बाद में खिलाड़ियों को अभ्यास और अधिक खेलने के साथ यह थोड़ा अहम लगने लगे।

### शापूरजी के चार गोल, फ्रंटियर ने विक्ट्री को रौंदा

नई दिल्ली। जाहान शापूरजी की तिकड़ी सहित जमाए चार गोलों की मदद से फ्रंटियर फुटबाल क्लब ने विक्ट्री एफसी को 9- 0 से हरा कर डीएसए %ए % डिवीज़न लीग में दूसरी जीत दर्ज की। आज यहां नेहरू स्टेडियम मैदान पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में फ्रंटियर ने स्कूली खिलाड़ियों से सजी विक्ट्री को शुरू से ही दबाव में रखा। सनी दहिया ने दो, भूपेंद्र, शोभित भंडारी और अक्षत तनेजा ने एक-एक गोल किया।

# बाबा दीप सिंह हॉकी एंड बास्केटबॉल टूर्नामेंट में खालसा, रामजस और किरोड़ी मल कॉलेज ने जीते मैच

नई दिल्ली

**पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी एंड बास्केटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन पुरुष वर्ग में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, रामजस कॉलेज, किरोड़ी मल कॉलेज और खालसा कॉलेज एलुमनी ने जीत दर्ज की।**




श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने दयाल सिंह कॉलेज को 74 -59 से हराया। विजयी टीम के साहिल माथुर प्लेयर ऑफ द मैच बने। रामजस कॉलेज ने भीम राव आंबेडकर कॉलेज को 76-59 से हराया और रामजस कॉलेज के आयुष प्लेयर ऑफ द मैच बने। किरोड़ी मल कॉलेज ने भारत अकादमी को 64-48 से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच किरोड़ी मल कॉलेज के दक्ष चौधरी बने। एसजीटीबी खालसा कॉलेज एलुमनी ने हंसराज कॉलेज को 66-64 से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच विजय टीम के देशमुख माथुर को मिला।

महिला वर्ग में लेडी श्री राम कॉलेज ने गार्गी कॉलेज को 45-41 से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड लेडी श्रीराम कॉलेज की विपासना को मिला। हॉकी प्रतियोगिता के मैच हॉकी प्रतियोगिता के पांचवे दिन पुरुष वर्ग का मैच श्याम लाल कॉलेज और एसजीटीबी खालसा कॉलेज एलुमनी के बीच 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। एसजीटीबी खालसा कॉलेज एलुमनी की तरफ से अल्ताफ और विकी ने 1-1 गोल किया। श्याम लाल कॉलेज से आशीष सहरावत और मोहित राणा ने गोल किए। इस मैच का प्लेयर ऑफ मैच का अवार्ड एसजीटीबी खालसा कॉलेज एलुमनी के खिलाड़ी नवीन चिल्लर को मिला। महिला वर्ग के मैच में दिल्ली यूनिवर्सिटी एल्युमिना ने श्याम प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 3-0 से हराया। विजेता टीम दिल्ली यूनिवर्सिट एल्युमिना की तरफ से सोनाली मीना ने 2 गोल और नीलम शर्मा ने एक गोल किया और प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड गोलकीपर शीतल को मिला।

### धोनी बोले, हर दिन पांच लीटर दूध पीने की कहानी सही नहीं



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के बारे में कहा जाता रहा है कि वह प्रतिदिन पांच लीटर दूध पीते हैं पर अब एक कार्यक्रम में धोनी ने इसे गलत बताया है और कहा है कि ये गलत है। धोनी ने कहा कि एक औसत व्यक्ति प्रतिदिन 5 लीटर दूध नहीं पी सकता। उन्होंने कहा कि मैं शायद दिन भर में एक लीटर दूध पीता था पर चार लीटर किसी और ने जोड़ दिया। रितुराज गायकवाड़ के चोटिल होकर बाहर होने के बाद एक बार फिर धोनी को चेन्नई सुपरकिंग्स सीएसके की कप्तानी दी गयी है। धोनी ने गत दिन कहा कि टीम अगर इस बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी तो अगले सत्र के लिए योजनाएं तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे सामने कुछ कमजोरियां हैं जिन्हें दूर किया जाएगा। अभी सामने जितने भी खेल हैं, उनमें से हमें जीतना है, हम एक बार में एक खेल पर ध्यान केंद्रित करेंगे और अगर हम कुछ हार जाते हैं, तो हमारे लिए अगले साल के लिए सही संयोजन प्राप्त करना अहम रहेगा। उन्होंने कहा कि आप नहीं चाहते कि बहुत सारे खिलाड़ी बदले जाएं, जो महत्वपूर्ण होगा वह है प्रयास करना और क्वालीफाई करना, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो अगले साल के लिए सुरक्षित 11 प्राप्त करना और मजबूत वापसी करना ही हमारा लक्ष्य होगा।